11/03/2026

आकाशवाणी ईटानगर

अपर सुबनसिरी ज़िले में सेना के दो जवानों के साथ एक दुखद हादसा हो गया। छप्पन आर्टिलरी ब्रिगेड के तहत 908 फील्ड रेजिमेंट के नायब सूबेदार कुलवंत सिंह और अट्ठारह सिख रेजिमेंट के नायक प्रदीप कुमार शर्मा ने देश की सेवा करते हुए अपनी जान गंवा दी। अरुणाचल के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनाइक ने इस दुखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

0000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और असम के बीच अंतर-राज्यीय सीमा का सर्वेक्षण और सीमांकन करने की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से शुरू हो गई है और दशकों पुराने विवाद को सुलझाने के प्रयासों के तहत पहला सीमा स्तंभ पहले ही लगा दिया गया है। विधायक वांगलिन लोवांगडोंग के एक लिखित प्रश्न का जवाब देते हुए, उन्होंने कहा कि पाक्के-केसांग जिले को पहले ऐसे जिले के रूप में चुना गया है, जहाँ सीमा स्तंभ लगाए जा रहे हैं। श्री खांडू ने सदन को बताया कि नामसाई डिक्लेरेशन और उसके बाद की समझौता प्रक्रिया के बाद, अरुणाचल को असम के साथ अपनी अंतर-राज्यीय सीमा पर कुल मिलाकर क्षेत्रीय लाभ हुआ है।

000000000000000000000

आज 8वीं विधानसभा के बजट सत्र में लंबी चर्चा के बाद 'अरुणाचल प्रदेश शिक्षा विभाग कर्मचारी स्थानांतरण और पदस्थापन विधेयक 2026' पारित कर दिया गया। शिक्षा मंत्री पी.डी. सोना ने बताया कि एक पारदर्शी पोर्टल बनाया जाएगा, जिसका ज़्यादातर काम AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) संभालेगा।

इस पोर्टल पर शिक्षकों की भर्ती, पदस्थापन, स्थानांतरण और उनकी शैक्षणिक योग्यता से जुड़ी सभी ज़रूरी जानकारी उपलब्ध होगी। श्री सोना ने कहा कि यह विधेयक राज्य के विभिन्न स्कूलों में लंबे समय से चली आ रही मानव संसाधन की कमी को दूर करने में मददगार साबित होगा।

0000000000000000000000000

राज्य ग्रामीण कार्य मंत्री पी.डी. सोना ने कहा कि PMGSY के तहत नैनोटेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके बनाए गए बयालीस प्रोजेक्ट्स में से सिर्फ़ 5 सड़कें ही सफल रहीं। श्री सोना ने आज अरुणाचल विधानसभा के बजट सत्र में नैनोटेक्नोलॉजी से बनी सड़कों की खराब हालत पर हुई चर्चा के दौरान कई विधायकों द्वारा नैनोटेक्नोलॉजी की कड़ी आलोचना का जवाब दे रहे थे।

0000000000000000000

अरुणाचल विधानसभा ने आज राज्य में मानव-वन्यजीव संघर्ष का अध्ययन और समीक्षा करने के लिए वन टाईम इवाल्यूएशन समिति का गठन किया। इस मुद्दे को 6 मार्च को बजट सत्र के पहले दिन विधायक कुमार वाई ने उठाया था। समिति के सदस्यों में वांगलिन लोवांगडोंग, कुमार वाई, डॉ. मोहेश चाई, तोपिन एत्ते, त्सेरिंग ल्हामू और प्रधान मुख्य वन संरक्षक के सदस्य सचिव भी शामिल हैं। यह समिति तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट अध्यक्ष को सौंपेगी।

0000000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटार्यड के.टी. परनाइक ने इस बात पर ज़ोर दिया कि राज्य में टिकाऊ और ज़िम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देने में टूर ऑपरेटरों को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

राज्यपाल ने ये विचार ईटानगर के लोक भवन में नॉर्थ ईस्ट इंडिया टूरिज़्म कॉन्फ़ेडरेशन और अरुणाचल प्रदेश टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करते हुए साझा किए। राज्यपाल ने पर्यटन क्षेत्र में क्षमता निर्माण और कौशल विकास के महत्व पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने टूर ऑपरेटरों को सलाह दी कि वे डिजिटल मार्केटिंग, ट्रैवल मेलों में भागीदारी, इन्फ़्लुएंसर अभियानों और अच्छी तरह से तैयार किए गए टूर पैकेजों के माध्यम से प्रदेश को बढ़ावा देने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम करें, ताकि ज़्यादा से ज़्यादा पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके।

0000000000000000000000

आने वाली अंडर-23 ट्राई-नेशन फुटबॉल चैंपियनशिप 2026 के लिए यूपिया में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। यह बैठक गोल्डन जुबली आउटडोर स्टेडियम में होने वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की तैयारियों के सिलसिले में हुई। इस चैंपियनशिप में तीन टीमें हिस्सा लेंगी - भारत, भूटान और ताजिकिस्तान। मैच पच्चीस, अट्ठाईस और इकतीस मार्च 2026 को खेले जायेंगे। इस बैठक की अध्यक्षता सहायक आयुक्त बेंगिया याकर ने की। अरुणाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव किपा अजय ने बताया कि यह राज्य में आयोजित होने वाला पहला FIFA-स्तर का फुटबॉल आयोजन होगा। उन्होंने इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी विभागों और संबंधित पक्षों से सहयोग और सक्रिय समर्थन की अपील की।

0000000000000000000000

देरा नातुंग गवर्नमेंट कॉलेज, ईटानगर के जियोग्राफी डिपार्ट्मेंट ने 'स्टूडेंट चैप्टर्स' द्वारा चलाए जा रहे 'अखिल भारतीय करियर जागरूकता अभियान' के तहत एक करियर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के 150 छात्रों ने भाग लिया। 'अखिल भारतीय करियर जागरूकता अभियान' युवाओं पर केंद्रित एक जनहितकारी पहल है, जो छात्रों को आज उपलब्ध करियर के व्यापक अवसरों को समझने में मदद करती है। यह अभियान युवाओं के सामने आने वाली आम चुनौतियों, जैसे- बेरोज़गारी, माता-पिता की अपेक्षाएँ, कौशल विकास और करियर के चुनाव से जुड़े मानसिक दबाव, पर भी चर्चा करता है।

000000000000000000000

मंगलवार की आधी रात को एक साइकिल मार्ट से आग लगने से ईस्ट सियांग ज़िले के रुक्सिन टाउन में एक चावल मिल समेत दस दुकानों को अपनी चपेट में ले ली। इस दुर्घटना में पाँच कच्चे निकटवर्ती आवासीय घरों को भी जलाकर राख कर दिया और सारा सामान जलकर खाक हो गया। ईस्ट सियांग ज़िले के रुक्सिन और पासीघाट, और साथ ही असम के पास के जोनाई से दमकल की गाड़ियाँ मौके पर पहुँचीं और आग बुझाई। इस आग से सोलह परिवार प्रभावित हुए, जिन्होंने लाखों रुपये का घरेलू सामान खो दिया है। हालाँकि, आग से किसी के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

0000000000000000000000